भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5671

जिसका उत्तर शुक्रवार, 27 मार्च, 2026/06 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाना है।

प्रधानमंत्री-किसान समृद्धि केंद्र

5671. श्री एम.मल्लेश बाबू:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फरवरी 2026 की स्थिति के अनुसार कर्नाटक के कोलार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) में सफतापूर्वक परिवर्तित की गई खुदरा उर्वरक दुकानों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) क्या उक्त परिचालित केंद्र रीयल-टाइम/''ऑन-द-स्पॉट'' मृदा स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं से लैस हैं और क्या नमूना जमा करने के बाद किसान को मृदा स्वास्थ्य अनुशंसा प्राप्त होती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त जिले में अत्यधिक जल संकट और भू-जल नाइट्रेट संदूषण के जोखिम के साथ-साथ रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को सक्रिय रूप से हतोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(घ) क्या सरकार ने उक्त जिले के लघु और सीमांत किसानों के बीच पोषक तत्व उपयोग दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सभी पी.एम.के.एस.के. में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी प्रदर्शन इकाइयों को एकीकृत किया है; और
(ड.) ''वन-स्टॉप शॉप्स'' द्वारा अनिवार्य रूप से तकनीकी परामर्श और मौसम पूर्वानुमान सेवाएं प्रदान किए जाने या उनके मुख्य रूप से खुदरा दुकानों के रूप में कार्य करना जारी रखने को सुनिश्चित किए जाने के लिए क्या निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): फरवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, कोलार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में, 457 खुदरा उर्वरक दुकानों में से, 178 खुदरा उर्वरक दुकानों को पीएम-किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में परिवर्तित कर दिया गया है।

(ख): मेसर्स कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के स्वामित्व वाली खुदरा दुकानों और मेसर्स राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स द्वारा पीएमकेएसके में परिवर्तित की गईं बहुत कम खुदरा दुकानों में मृदा परीक्षण की सुविधाएं हैं और इस प्रकार किसानों को मृदा स्वास्थ्य संबंधी सिफारिशें मिल रही हैं।

(ग): "पीएम-प्रणाम किसान संगोठी" के तहत, उर्वरक उत्पादक कंपनियां राज्य कृषि विभाग, अन्य सम्बद्ध विभागों और उर्वरक डीलरों के समन्वय में प्रत्येक महीने गांव, ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकें कर रही हैं। रासायनिक उर्वरकों, विशेष रूप से नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों (यूरिया) के अत्यधिक उपयोग के कारण होने वाले भूजल प्रदूषण के दुष्प्रभावों और वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के बारे में किसानों को बताया जा रहा है।

(घ): नैनो उर्वरक, जिनमें नैनो यूरिया और नैनो डीएपी शामिल हैं, संबंधित उर्वरक कंपनियों द्वारा पीएमकेएसके में उपलब्ध कराए जाते हैं। उर्वरक कंपनियां नैनो यूरिया और नैनो डीएपी फील्ड प्रदर्शन भी आयोजित करती हैं।

(ङ): मेसर्स कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के स्वामित्व वाली कुछ खुदरा दुकानों और मेसर्स राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स, मेसर्स पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड, मेसर्स कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड, मेसर्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, मेसर्स ग्रीनस्टार फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, मेसर्स सदर्न पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन द्वारा कुछ खुदरा दुकानों को पीएमकेएसके में परिवर्तित किया गया है जिनमें तकनीकी परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मौसम पूर्वानुमान सेवाएं पीएमकेएसके के दायरे में नहीं हैं।

****